पुण्य सलिला श्रीवास्तव, भा.प्र.से.
सचिव
PUNYA SALILA SRIVASTAVA, IAS
Secretary

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
Government of India
Department of Health and Family Welfare
Ministry of Health and Family Welfare

अ.शा. पत्र संख्या 90/एनसीडीसी/सीईओएच व सीसीएच/2020-21
23-04-2026

आदरणीय महोदया/महोदय,

यह पत्र मेरे दिनांक 9 मार्च 2026 के समसंख्यक अ.शा.पत्र के क्रम में है, जिसमें देश में आगामी गर्मी के मौसम के मद्देनजर, इस मंत्रालय ने 2026 के हीट वेव ("heat wave") के लिए स्वास्थ्य संबंधी एडवाइजरी जारी की गई थी।

2. उपरोक्त के क्रम में, भारतीय मौसम विभाग (IMD) द्वारा 2026 के गर्मी के मौसम (अप्रैल से जून) और अप्रैल 2026 के लिए वर्षा और तापमान के मासिक पूर्वानुमान के अनुसार, यह स्पष्ट है कि अप्रैल से जून 2026 तक पूर्वी, मध्य और उत्तर-पश्चिमी भारत के सभी हिस्सों और दक्षिण-पूर्वी प्रायद्वीप में सामान्य से अधिक "heat wave" के दिनों की संभावना है, जिनमें ओडिशा, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, पुडुचेरी और आंध्र प्रदेश के कई तटीय क्षेत्र शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, IMD के पूर्वानुमान के अनुसार, गुजरात, महाराष्ट्र और कर्नाटक के कुछ एक क्षेत्रों के भी प्रभावित होने की संभावना है।

3. उपरोक्त बातों को ध्यान में रखते हुए, यह दोहराया जाता है कि राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को यह सुनिश्चित करना होगा कि (i) सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर समर्पित हीट स्ट्रोक (Heat Stroke) प्रबंधन इकाइयों का संचालन शुरू हो; (ii) एम्बुलेंस सेवाओं की पर्याप्त उपलब्धता के लिए तैयारी हो; (iii) समय पर कार्रवाई के लिए प्रारंभिक चेतावनी का प्रचार-प्रसार हो; और (iv) इस मंत्रालय के आईएचआईपी (IHIP) पोर्टल पर Heat Stroke के मामलों की रियल टाइम रिपोर्टिंग हो।

Room No. 11102, 'C' Wing, Kartavya Bhawan-1, New Delhi-110001
Tele.: (O) 011-24013601, 24013602, E-mail: secyhfw@nic.in

4. मुझे विश्वास है कि पहले से ही सक्रिय योजना के माध्यम से और समन्वित कार्रवाई से राज्य/संघ राज्य क्षेत्र आगामी महीनों के दौरान अत्यधिक गर्मी से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों को प्रभावी ढंग से कम करने में सक्षम होंगे। उपर्युक्त कार्रवाइयों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करते हुए, गर्मी के मौसम से निपटने के लिए तैयारियों की समीक्षा करने में आपका व्यक्तिगत हस्तक्षेप महत्वपूर्ण साबित होगा।

5. मैं इस जन स्वास्थ्य चुनौती के प्रति हमारी सामूहिक भागीदारी और तत्परता को मजबूत करने में आपके निरंतर नेतृत्व की आशा करती हूँ।

भवदीया,

पुण्य

(पुण्य सलिला श्रीवास्तव)

संलग्नक:

1. सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्य सचिवों को दिनांक 9 मार्च 2026 के अ.शा. पत्र संख्या 90/एनसीडीसी/सीईओएस व सीसीएच/2020-21को जारी स्वास्थ्य संबंधी एडवाइजरी
2. भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) द्वारा 2026 के लिए गर्म मौसम (मार्च से मई) के लिए मौसम का पूर्वानुमान
3. भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) द्वारा 2026 के गर्म मौसम (अप्रैल से जून) के लिए मौसम का पूर्वानुमान
4. 2026 की गर्मियों के लिए राज्य स्वास्थ्य विभागों को लू के संबंध में एडवाइजरी
5. जन स्वास्थ्य एडवाइजरी: अत्यधिक गर्मी/लू की लहर
6. गर्मी का स्वास्थ्य पर प्रभाव: गर्मी से संबंधित बीमारियां
7. अगले दो सप्ताहों (17.04.2026-30.04.2026) के लिए विस्तारित पूर्वानुमान

सेवा में : राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्य सचिव
संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासकों के सलाहकार

प्रति:

i. सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के विशेष सचिव/अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/स्वास्थ्य सचिव।
ii. सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के एमडी, एनएचएम/स्वास्थ्य आयुक्त।
iii. सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के डीजीएचएस/डीएचएस।